# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur

## Admission 2022-23

## Instructions to the students applying for admission to various aided courses of PG-Previous

## परास्नातक प्रथम वर्ष (पूर्वार्द्ध) में प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः आनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। जिससे सम्बन्धित अर्हता, निर्देश एवं प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत है।

### प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

1. अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातक में न्यूनतम अंक प्रतिशत 40% होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु उक्त प्रतिशत सीमा से 5% की छूट अनुमन्य होगी। साथ ही 2% की छूट प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों हेतु अनुमन्य होगी। किसी भी दशा में कुल छूट 5% से अधिक नहीं होगी।
3. त्रि–वर्षीय बी0ए0 उत्तीर्ण छात्र केवल तृतीय वर्ष के विषय में ही एम0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।
4. यदि अंग्रेजी भाषा/हिन्दी भाषा विषय स्नातक तृतीय वर्ष में हों तो अभ्यर्थी एम0ए0 अंग्रेजी/हिन्दी में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
5. बी0एस0सी0 एवं बी0काम0 उत्तीर्ण छात्र एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम अंक प्रतिशत 40% होना अनिवार्य है।
6. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश, बी0एससी0 तृतीय वर्ष में अध्ययन किये गये विषय में ही अनुमन्य होगा।

## प्रवेश हेतु निर्देश

1. प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2022 (स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से पूर्व अधिकतम 2 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त कारणों, साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रति गैप वर्ष के लिए 1% अंक की घटोत्तरी के साथ मेरिट कट–आफ में स्थान अनुमन्य होगा।
2. स्नातक के बाद बी0एड0 एवं डी0एलएड0 परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अकादमिक गैप की श्रेणी में नहीं आयेगें इनके लिए अर्हता वर्ष–2020 होगा।
3. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के उत्तीर्ण वर्ष पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है।
4. नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र 2022–23 से परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश विश्वविद्यालय निर्देशों के आलोक में पूर्णतः प्रभावी होगा।
5. नई शिक्षा नीति के अनुरूप परास्नातक पूर्वार्द्ध में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित द्वितीय सेमेस्टर में अन्य संकाय के किसी विषय के एक वैकल्पित पेपर का चयन माइनर विषय के रुप में अनिवार्य होगा। साथ ही परास्नातक पूर्वार्द्ध के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट का निर्धारित प्रोजेक्ट वर्क करना अनिवार्य होगा।
6. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन ) एवं एम0एससी पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः मेरिट–कटआफ के आधार पर होगा।

# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur

## Admission 2022-23

### मेरिट कटआफ एवं प्रवेश तिथियां

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र) एवं एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु मेरिट–कटआफ का आधार स्नातक में प्राप्त अंको का प्रतिशत होगा। एम0ए0/एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश निम्न तिथि एवं मेरिट–कटआफ के अनुसार अनुमन्य होगा।

| क्रमांक | प्रवेश तिथियां | मेरिट कटआफ | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य वर्ग | अन्य पिछड़ी जाति वर्ग | अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग |
| 1 | 02–05 सितम्बर 22 (03 दिन) | 60% एवं इससे ऊपर | 55% एवं इससे ऊपर | 50% एवं इससे ऊपर |
| 2 | 06–09 सितम्बर 22 (04 दिन) | 55% एवं इससे ऊपर | 50% एवं इससे ऊपर | 45% एवं इससे ऊपर |
| 3 | 10–14 सितम्बर 22 (04 दिन) | 50% एवं इससे ऊपर | 45% एवं इससे ऊपर | 40% एवं इससे ऊपर |
| 4 | 15–17 सितम्बर 22 (03 दिन) | 45% एवं इससे ऊपर | 40% एवं इससे ऊपर | वि0वि0 नियमानुसार |

**नोटः**

1. पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर से स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को मेरिट–कटआफ में 5% की छूट तथा प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 2% की छूट अनुमन्य होगी परन्तु किसी भी दशा में प्रवेश वि0वि0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम कटआफ से नीचे अनुमन्य नहीं होगा।
2. किसी भी संकाय/विषय/वर्ग में प्रवेश निर्धारित सीटों के सापेक्ष पूर्ण होने पर कोई भी प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। संकाय/विषय/वर्ग में प्रवेश पूर्ण होने की सूचना महाविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट पर भी अद्यतन किया जायेगा।
3. आवेदन करने पश्चात प्रवेश उक्त तिथियों में मेरिट–कटआफ, संलग्न अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन एवं सीट उपलब्धता के अधीन होगा।
4. आवेदन हेतु पंजीकरण एवं प्रोसेसिंग धनराशि किसी भी दशा में वापस देय नहीं होगा।

### प्रवेश प्रक्रिया

1 सर्वप्रथम अभ्यर्थी को परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/ अथवा https://ppn.rccknp.com) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00) करना होगा।

2 पंजीकरण के पश्चात ईमेल पर प्राप्त लागिन एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए आनलाइन आवेदन को दिये गये निर्देशों के आलोक में पूर्ण कर अंतिम रूप से सब्मिट करना होगा।

3 दिये गये मेरिट कट–आफ के दिन अभ्यर्थी को अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन हेतु महाविद्यालय आकर सम्बन्धित विभाग की समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।

4 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज (वि0वि0 पंजीकरण से सम्बन्धित लेटर, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, तीनों वर्ष के स्नातक अंक पत्र, टी0सी0, सी0सी0, जाति प्रमाणपत्र एवं ईडब्लूएस प्रमाण पत्र, डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन फोटो इत्यादि) लेकर आयेंगे। साथ ही आवेदन प्रिंटआउट एवं सभी मूलदस्तावेजों की एक छायाप्रति/फोटोकापी अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे। वर्ष अन्तराल के सन्दर्भ में, अभ्यर्थी को उसके अनुरोध के सापेक्ष उपयुक्त साक्ष्यों के साथ Rs.10/- स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

5 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस0एम0एस0 अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

6 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार विषय चुनाव व शुल्क भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ऑनलाइन किया जायेगा।

7 तत्पश्चात महाविद्यालय से शुल्क रसीद की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

8 किसी भी दशा में दिये गये दिन के मेरिट कट–आफ के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

## विषय चयन संरचना

| क्रमांक | विषय | सेमेस्टर | पेपर एवं क्रेडिट | कुल क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मुख्य विषयः** एम0ए0 / एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश हेतु आवेदित विषय | 1 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर **प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | **20** |
| | | 2 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर **प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | **20** |
| 2 | **माइनर विषयः** अन्य संकाय के किसी विषय का एक वैकल्पित पेपर | 2 | अन्य संकाय के किसी विषय का 04 या 05 क्रेडिट एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर | 04 / 05 |
| 3 | **शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट) / सर्वे / इडस्ट्रियल ट्रेनिंग** | 1<br>2 | प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट की शोध परियोजना, जिसका मूल्यांकन द्वितीय सेमेस्टर में 08 क्रेडिट में किया जायेगा। | 08 |
| | | | **कुल क्रेडिट** | 52 / 53 |

**नोटः**

1. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
2. एम0काम0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
3. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अंग्रेजी, हिन्दी) के छात्र एम0ए0 (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पित सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
4. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) के छात्र एम0ए0 (अंग्रेजी, हिन्दी)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
5. शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट)/सर्वे/इडस्ट्रियल ट्रेनिंग का आवंटन सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्भावना मेरिट कटआफ की प्राथमिक तिथियों में अधिकतम होगी।
7. परास्नातक पूर्वार्द्ध के किसी विषय में प्रवेश, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित आवश्यक शर्तों तथा पात्रता के अधीन होगा।

**Note 1: In case of any technical support during form filling please contact following helpline numbers.**
**Mobile No. 9519894121, 8604502940**
**Note 2 : For any other enquiry contact P.P.N. College at following helpline numbers.**
**0512-2361924, 9984694499**
**In case Helpline number is busy please wait, do not call again and again.**